1. **निम्नलिखित में से कौनसा पश्चिम से पूर्व की ओर सही क्रम में व्यवस्थित है?**
(1) भोराठ का पठार, उड़िया का पठार, मुकुन्दरा की पहाड़ियाँ
(2) मुकुन्दरा की पहाड़ियाँ, भोराठ का पठार, उड़िया का पठार
(3) उड़िया का पठार, भोराठ का पठार, मुकुन्दरा की पहाड़ियाँ
(4) उड़िया का पठार, मुकुन्दरा की पहाड़ियाँ, भोराठ का पठार
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

2. **2011 की जनगणना में, राजस्थान के निम्नलिखित में से किस जिले का शिशु लिंगानुपात अन्य जिलों की तुलना में सर्वाधिक था?**
(1) भीलवाड़ा (2) बाँसवाड़ा
(3) डूंगरपुर (5) अनुत्तरित प्रश्न
(4) प्रतापगढ़ **[2]**

3. **निम्नलिखित में से कौनसे जिले उनके सामान्य वार्षिक वर्षा के आधार पर सही अवरोही क्रम में व्यवस्थित हैं?**
(1) बाँसवाड़ा, भीलवाड़ा, हनुमानगढ़
(2) बाँसवाड़ा, हनुमानगढ़, भीलवाड़ा
(3) हनुमानगढ़, भीलवाड़ा, बाँसवाड़ा
(4) भीलवाड़ा, बाँसवाड़ा, हनुमानगढ़
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**

4. **"नेक्स्ट जेन टेक्सटाइल पार्क" राजस्थान के किस जिले में अवस्थित है?**
(1) पाली (2) अजमेर
(3) जयपुर (4) अलवर
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**

5. **इण्डिया स्टेट ऑफ फॉरेस्ट रिपोर्ट-2023 के अनुसार निम्नलिखित में से सबसे कम कुल वनावरण क्षेत्र वाले जिलों का युग्म कौनसा है?**
(1) जोधपुर तथा गंगानगर (2) चूरू तथा हनुमानगढ़
(3) चूरू तथा सीकर (4) चूरू तथा जोधपुर
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[2]**

6 **पशुगणना-2019 के अनुसार, राजस्थान में भारत के ऊँटों का प्रतिशत है -**
(1) 86.34% (2) 84.43%
(3) 88.43% (4) 80.43%
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[2]**

7. **निम्नलिखित तथ्यों के आधार पर नदी की पहचान कीजिए -**
(A) यह राजसमन्द जिले में बिजराल ग्राम की पहाड़ियों से उद्गमित होती है।
(B) यह बनास नदी की सहायक नदी है।
(C) इसकी कुल लम्बाई लगभग 80 कि.मी. है।
(1) बेड़च (2) कोठारी
(3) मेज (4) खारी
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

8. **निम्नलिखित (वन्यजीव अभयारण्य – अवस्थिति) में से कौनसा सही सुमेलित है?**
(1) भैंसरोड़गढ़ - भीलवाड़ा
(2) शेरगढ़ - जैसलमेर
(3) सवाई मानसिंह – सवाई माधोपुर
(4) जवाहर सागर -उदयपुर
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

9. **एग्रीकल्चरल स्टेटिस्टिक्स एट ए ग्लान्स-2023 (भारत) के अनुसार, निम्नलिखित (फसल-भारत के कुल उत्पादन में राजस्थान का योगदान) में से कौनसा सुमेलित नहीं है?**
(1) बाजरा - 40.66%
(2) रेपसीड और सरसों - 46.13%
(3) मूंगफली - 18.76%
(4) ग्वार - 90.36%
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**

10. **जनगणना 2011 के अनुसार, शहरी राजस्थान में 2001-2011 तक दशकीय परिवर्तन निम्न में से किस जिले में सबसे कम था?**
(1) डूंगरपुर (2) हनुमानगढ़
(3) अलवर (4) प्रतापगढ़
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**

11. **राजस्थान में, बाणगंगा का मेला कहाँ लगता है?**
(1) मैड़ (2) पाण्डुपोल
(3) नीलकण्ठ (4) भानगढ़
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**

12. **गूदड़ सम्प्रदाय का प्रमुख पूजा स्थल (धाम) कहाँ स्थित है?**
(1) दांतड़ा (2) आसींद
(3) भिनाय (4) परबतसर
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**

13. **प्रसिद्ध चित्रकार अली रज़ा, मुगल सेवा से मुक्त होकर राजस्थान में किस शासक के दरबार में शामिल हुए?**
(1) कर्ण सिंह (2) राय सिंह
(3) अनूप सिंह (4) गज सिंह
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[2]**

14. **निम्नलिखित में से कौनसा / से सुषिर वाद्य यंत्र है / हैं?**
(A) अलगोजा (B) बांकिया
(C) सतारा
**नीचे दिए गए कूट की सहायता से सही उत्तर का चयन कीजिए - कूट -**
(1) केवल (A)
(2) (A) और (B)
(3) (A), (B) और (C)
(4) केवल (B)
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

15. **1923 ई. में ब्यावर से 'राजस्थान' नामक साप्ताहिक अखबार का प्रकाशन किसने आरम्भ किया?**
(1) रामनारायण चौधरी (2) विजय सिंह पथिक
(3) ऋषिदत्त मेहता (4) जयनारायण व्यास
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

16. **रक्षाबंधन के दिन बांधी गई राखियों को निम्नलिखित में से किस लोक देवता को अर्पित किया जाता है?**
(1) तेजाजी (2) पाबूजी
(3) रामदेवजी (4) गोगाजी
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

17. **निम्नलिखित में से कौनसा डिंगल शैली में इतिहास विषयक सामग्री का गद्य ग्रंथ नहीं है?**
(1) विगत (2) ख्यात
(3) झूलणा (4) वात
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**



Scanned with OKEN Scanner

**18. औरंगज़ेब ने महाराणा राजसिंह को कौनसे परगने प्रदान किए थे?**
(1) टोडा, मालपुरा, चाटसु
(2) डूंगरपुर, बांसवाड़ा, गयासपुर
(3) शाहपुरा, खैराबाद, जहाजपुर
(4) दरीबा, मांडल, बनेड़ा (5) अनुत्तरित प्रश्न **[2]**

**19. 'नेवरी' आभूषण स्त्रियाँ कहाँ पहनती हैं?**
(1) पैर (2) कान
(3) हाथ (4) गर्दन
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**

**20. निम्नलिखित में से राजस्थान के किस किले पर कभी बाहरी आक्रमण नहीं हुआ?**
(1) जयगढ़ किला (2) जूनागढ़ किला
(3) भटनेर किला (4) गागरोन किला
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**

**21. दक्षिण-पूर्वी राजस्थान में निम्नलिखित में से किस प्राचीन संस्कृति का विकास हुआ?**
(1) कालीबंगा (2) गणेश्वर
(3) बैराठ (4) आहड़
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

**22. 'पाग-दस्तूर' किसे कहा जाता है?**
(1) इस रिवाज में पगड़ी बदलकर रिश्ता बनाया जाता है।
(2) यह परिवार में मुखिया की मृत्यु के बाद निश्चित दिन पर होने वाला दस्तूर था।
(3) इस रिवाज के अनुसार स्त्रियाँ मृत पति की पगड़ी के साथ सती हो जाती थीं।
(4) यह विवाह के अवसर पर दूल्हे के सिर पर पगड़ी पहनाने का दस्तूर था।
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[2]**

**23. निम्नलिखित में से झालावाड़ के किस शासक को तात्या टोपे ने गिरफ्तार किया था?**
(1) मदन सिंह (2) लक्ष्मण सिंह
(3) भगवन्त सिंह (4) पृथ्वी सिंह
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

**24. निम्नलिखित में से कौनसा / से कथन सही है / हैं?**
(A) के.एन. दीक्षित बैराठ में उत्खनन से सम्बन्धित हैं।
(B) बैराठ से सूती वस्त्र का टुकड़ा प्राप्त हुआ था।
(C) बैराठ में बीजक की पहाड़ी पर एक अशोक कालीन वृत्ताकार मन्दिर के साक्ष्य मिले हैं, दयाराम साहनी ने अपनी रिपोर्ट में जिसका उल्लेख किया था।
सही कूट चुनिए।
कूट -
(1) (B) और (C) (2) केवल (B)
(3) (A), (B) और (C) (4) (A) और (C)
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

**25. राम प्यारी बेन, हेजा बेन एवं रुक्मणी बेन आदि महिलाओं ने 1939 ई. में किस रियासत के प्रजामण्डल आन्दोलन में भाग लिया था?**
(1) डूंगरपुर (2) सिरोही
(3) उदयपुर (4) बांसवाड़ा
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

**26. सल्तनत काल के दो मूल सिक्के - चांदी का टांका और तांबे का जीटल किसने प्रचलित किए?**
(1) इल्तुतमिश (2) रज़िया सुल्तान
(3) अलाउद्दीन खिलजी (4) बलबन
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**

**27. भील विद्रोह के संबंध में कौनसा/से कथन सत्य है/हैं?**
(A) प्रारम्भिक भील विद्रोह स्वतःस्फूर्त थे।
(B) वे अंग्रेजी राज्य के अन्तर्गत स्थापित नई व्यवस्था की प्रतिक्रिया स्वरूप थे।
(C) जंगल में बाह्य तत्त्वों के प्रवेश ने सामाजिक तनाव उत्पन्न कर दिया था।
सही कूट चुनिए -
(1) (B) एवं (C) दोनों (2) (A), (B) एवं (C)
(3) केवल (A) (4) केवल (B)
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[2]**

**28. चौहान शासक पृथ्वीराज तृतीय द्वारा भण्डानकों के दमन का उल्लेख किस तत्कालीन विद्वान ने अपनी कविता में किया है?**
(1) जिनपाल (2) सोमदेव
(3) जिनपति सूरि (4) हेमचन्द्र सूर
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

**29. किन दो क्षेत्रों का विलय, 1956 ईस्वी में, राज्य पुनर्गठन आयोग एवं मुनी जिनविजय समिति की सिफारिश पर राजस्थान में किया गया?**
(1) कुशलगढ़ - सिरोंज (2) लोहारू – सुनेल
(3) लावा - नीमराना (4) आबू रोड – देलवाड़ा
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

**30. प्रतिहारों के शासन काल में किस स्थापत्य शैली का विकास हुआ?**
(1) वेसर (2) महामारू
(3) पाण्ड्य (4) द्रविड़
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[2]**

**31. राष्ट्रपति निर्वाचन 2022 में, राजस्थान राज्य विधानसभा के सभी सदस्यों का कुल मत-मूल्य कितना था?**
(1) 26754 (2) 15708
(3) 25800 (4) 21280
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

**32. राजस्थान पंचायती राज अधिनियम 1994 के अनुसार, पंचायत समिति के उप-प्रधान की शक्तियों और कार्यों के सबंधं में गलत कथन की पहचान करें**
(1) उप-प्रधान, प्रधान के चुनाव लंबित रहने की स्थिति में या प्रधान के पंचायत समिति क्षेत्र से 60 दिन से अधिक अवधि के लिए अवकाश के कारण अनुपस्थित रहने की स्थिति में, प्रधान की शक्तियों का प्रयोग और कर्तव्यों का पालन कर सकता है।
(2) प्रधान की अनुपस्थिति में, उप-प्रधान पंचायत समिति की बैठक की अध्यक्षता करता है।
(3) उप-प्रधान, प्रधान की शक्तियों और कार्यों का प्रयोग कर सकता है, यदि प्रधान 30 दिन से अधिक अवधि के लिए पंचायत समिति क्षेत्र से अनुपस्थित रहता है।
(4) उप-प्रधान पंचायत समिति के प्रधान की ऐसी शक्तियों का प्रयोग करता है और ऐसे कर्तव्यों का पालन करता है, जैसा कि प्रधान



Scanned with OKEN Scanner

समय-समय पर सरकार द्वारा उस संबंध में बनाए गए नियमों के अधीन रहते हुए लिखित आदेश द्वारा उसे सौंप सकता है।
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**

**33. भारत के संविधान के किस प्रावधान के तहत, राजस्थान सरकार के अधीन सेवारत किसी व्यक्ति को प्रभावित करने वाले अनुशासनात्मक मामलों से संबंधित 12 राजस्थान लोक सेवा आयोग से परामर्श करना अनिवार्य है?**
(1) अनुच्छेद 310 (1)
(2) अनुच्छेद 311 (4)
(3) अनुच्छेद 320 (3)
(4) अनुच्छेद 325 (2)
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

**34. निम्नलिखित में से किस विषय पर, राजस्थान विधानसभा कोई कानून नहीं बना सकती है?**
(1) कृषि आय पर कर (2) वृत्तियों पर कर
(3) पथकर (4) निगम कर
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

**35. प्रत्येक वित्तीय वर्ष के संबंध में राज्य का वार्षिक वित्तीय विवरण या प्राक्कलित आय और व्यय का विवरण राजस्थान विधानसभा में ऐसे दिन उपस्थापित किया जाता है, जो निर्धारित की जाती है -**
(1) मुख्यमंत्री द्वारा
(2) विधान सभा के प्रमुख सचिव द्वारा
(3) राज्यपाल द्वारा
(4) विधान सभा के अध्यक्ष द्वारा
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

**36. राजस्थान के निम्नलिखित मुख्यमंत्रियों में से किस ने प्रथम बार राजस्थान विधानसभा में बजट प्रस्तुत किया?**
(1) टीकाराम पालीवाल
(2) मोहनलाल सुखाड़िया
(3) बरकतुल्लाह खान
(4) जयनारायण व्यास
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

**37. 31 मई 2025 को यथाविद्यमान राजस्थान मंत्रिपरिषद् के संबंध में निम्नलिखित में से कौनसा कथन सही नहीं है?**
(1) राजस्थान के वर्तमान मंत्रिपरिषद् में मुख्यमंत्री सहित कुल 24 सदस्य हैं।
(2) राजस्थान के वर्तमान मंत्रिपरिषद् में 06 और मंत्रियों की नियुक्ति की जा सकती है।
(3) वर्तमान राजस्थान मंत्रिपरिषद् में दो महिला सदस्य हैं।
(4) वर्तमान मंत्रिपरिषद् में कुल 10 राज्यमंत्री हैं, जिनमें से 05 राज्य मंत्रियों के पास स्वतंत्र प्रभार है।
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

**38. निम्नलिखित में से कौन राजस्थान के सबसे लंबे समय तक मुख्य सचिव रहे हैं?**
(1) श्री एम.एल. मेहता
(2) श्री सुधांश पंत
(3) श्री सी.के. मैथ्यू
(4) श्री ओम प्रकाश मीना
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**

**39. भारत के. संविधान में राज्यपाल की शक्तियों से सम्बन्धित अनुच्छेदों के सन्दर्भ में निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए -**

| राज्यपाल की शक्ति | अनुच्छेद |
|---|---|
| (I) क्षमा दान की राज्यपाल की शक्ति | -अनुच्छेद 162 |
| (II) अध्यादेश प्रख्यापित करने की शक्ति | -अनुच्छेद 214 |
| (III) विधेयकों पर अनुमति | -अनुच्छेद 200 |
| (IV) राज्य के विधानमण्डल के सत्र, सत्रावसान और विघटन | - अनुच्छेद 174 |

सही विकल्प चुनिये -
(1) (I), (II) एवं (III) सही हैं (2) (I), (II), (III) एवं (IV) सही हैं
(3) (I) एवं (II) सही हैं (4) (III) एवं (IV) सही हैं
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

**40. निम्न में से कौन राजस्थान राज्य मानवाधिकार आयोग के एक अध्यक्ष नहीं थे?**
(1) न्यायमूर्ति एन.के. जैन (2) न्यायमूर्ति कांता भटनागर
(3) न्यायमूर्ति प्रेमचंद जैन (4) न्यायमूर्ति एस. सगीर अहमद
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

**41. राजस्थानी भाषा के लिए किसे साहित्य अकादमी युवा पुरस्कार 2025 हेतु चयनित किया गया है?**
(1) पूनम चंद गोदारा (2) धीरज कुमार पाण्डे
(3) प्रेमशंकर शर्मा (4) प्रतिभा राठौड़
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**

**42. 24 जुलाई 2025 तक आभा आईडी बनाने में राजस्थान का देश में स्थान है -**
(1) द्वितीय (2) तृतीय
(3) प्रथम (4) चतुर्थ
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**

**43. जुलाई 2025 में चीन में आयोजित 11वीं एशियाई महिला युवा हैंडबॉल चैंपियनशिप के संदर्भ में निम्न कथनों पर विचार कीजिए एवं सही विकल्प चुनिए -**
कथन A : इस प्रतियोगिता में भारतीय हैंडबॉल टीम में राजस्थान की साक्षी एवं शिवानी ने प्रतिनिधित्व किया।
कथन B : भारतीय टीम की कोच राजस्थान की अनन्या सिंह थीं।
(1) कथन (A) और (B) दोनों असत्य हैं।
(2) केवल कथन (B) सत्य है।
(3) कथन (A) और (B) दोनों सत्य हैं।
(4) केवल कथन (A) सत्य है।
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**

**44. जुलाई 2025 में, राजस्थान के मंत्रिमंडल ने गेल (इंडिया) लिमिटेड और आरवीयूएनएल के मध्य ज्वॉइंट वेंचर कंपनी के गठन की मंजूरी दी है। इसके संदर्भमें निम्न में से कौनसा कथन सही नहीं है?**
(1) इस ज्वॉइंट वेंचर कंपनी को रामगढ़ गैस आधारित पावर प्लांट की 270.5 मेगावाट क्षमता की मौजूदा इकाई हस्तांतरित की जाएगी।
(2) इस ज्वॉइंट वेंचर कंपनी को धौलपुर गैस आधारित पावर प्लांट की 530 मेगावाट क्षमता की मौजूदा इकाई हस्तांतरित की जाएगी।
(3) इस ज्वाइंट वेंचर कंपनी में दोनों कंपनियों की शेयरधारिता क्रमशः 50-50 प्रतिशत होगी।

(4) यह कंपनी 750 मेगावाट की सौर ऊर्जा और 250 मेगावाट की पवन ऊर्जा परियोजनाओं की स्थापना करेगी।
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[2]**

**45. राजस्थान के पहलवानों द्वारा क्रमशः स्वर्ण, रजत व कांस्य पदकों का सही संयोजन चुनें, जो उनके द्वारा बिहार में आयोजित खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 में कुश्ती में जीते गए -**

| | स्वर्ण | रजत | कांस्य |
|---|---|---|---|
| (1) | 1 | 2 | 6 |
| (2) | 3 | 2 | 5 |
| (3) | 2 | 1 | 6 |
| (4) | 2 | 3 | 5 |

(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

**46. जुलाई 2025 में, देश का पहला राजकीय बालिका सैनिक विद्यालय किस जिले में, केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्री द्वारा उद्घाटित किया गया?**
(1) अजमेर (2) बीकानेर
(3) जोधपुर (4) जैसलमेर
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[2]**

**47. राजस्थान के मंत्रिमंडल द्वारा जुलाई 2025 में मेडिकल् वैल्यू ट्रैवल पॉलिसी (हील इन राजस्थान नीति-2025) के प्रारूप का अनुमोदन किया गया है। इसके अनुसार, इस नीति के क्रियान्वयन हेतु गठित होने वाली तकनीकी समिति के अध्यक्ष होंगे -**
(1) राज्य के मुख्य सचिव
(2) राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलगुरु
(3) मेडिकल शिक्षा मंत्री
(4) मेडिकल शिक्षा सचिव
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

**48. उन गाँवों का सही संयोजन चुनें जिनके नाम जून 2025 में रामसर साइट में जोड़े गए हैं -**
(A) मेनार (B) केवलादेव
(C) खीचन (D) गजनेर
(1) (A) और (B) (2) (B) और (C)
(3) (A) और (C) (4) (C) और (D)
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

**49. जून 2025 में, राजस्थान के किस शहर में, पोंटून तकनीक से बनी राज्य की पहली इलेक्ट्रिक डबल डेकर बोट का शुभारंभ किया गया है?**
(1) उदयपुर (2) अलवर
(3) बूंदी (4) अजमेर
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**

**50. जुलाई 2025 में, राजस्थान क्रिकेट संघ की तदर्थ समिति ने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड की विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाली टीम चुनने के लिए चयन समिति की घोषणा की। निम्नलिखित में से कौन सीनियर पुरुष वर्ग की चयन समिति में शामिल नहीं है?**
(1) राहुल कांवट
(2) नरेश गहलोत
(3) विलास जोशी
(4) कुलदीप सिंह
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[2]**

**51. माटो ग्रोसो पठार किस महाद्वीप में स्थित है?**
(1) अफ्रीका (2) दक्षिणी अमेरिका
(3) यूरोप (4) उत्तरी अमेरिका
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[2]**

**52. वित्तीय वर्ष 2024-25 (दिसम्बर 2024 तक) भारत के निम्नलिखित में से किस राज्य में सर्वाधिक प्रत्यक्ष विदेशी निवेश हुआ?**
(1) तमिलनाडु (2) महाराष्ट्र
(3) राजस्थान (4) गुजरात
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[2]**

**53. भारत में निम्नलिखित में से किस क्षेत्र में वार्षिक वर्षा की परिवर्तिता 20% से कम है?**
(1) गुजरात (2) कोरोमंडल तट
(3) पंजाब (4) उत्तर-पूर्वी राज्य
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[2]**

**54. उत्तरी गोलार्द्ध में धरातल पर उपोष्ण कटिबंधीय उच्च दाब से उपध्रुवीय निम्न दाब की ओर पवनें किस दिशा में चलती हैं?**
(1) उत्तर-पूर्व से दक्षिण-पश्चिम (2) उत्तर-पश्चिम से दक्षिण-पूर्व
(3) पूर्व से पश्चिम (4) दक्षिण-पश्चिम से उत्तर-पूर्व
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

**55. पंचगंगा तथा कोयना सहायक नदियाँ हैं -**
(1) महानदी की (2) कावेरी नदी की
(3) गोदावरी नदी की (4) कृष्णा नदी की
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

**56. 'मिष्टी' (MISHTI) पहल किस प्रकार के वनों के संरक्षण से संबंधित है?**
(1) मैंग्रोव वन (2) उष्ण कटिबंधीय कांटेदार वन
(3) उष्ण कटिबंधीय पर्णपाती वन (4) पर्वतीय वन
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**

**57. निम्नलिखित तेल क्षेत्रों में से कौनसा ब्रह्मपुत्र घाटी में अवस्थित नहीं है?**
(1) लखीमपुर (2) अलियाबेट
(3) नाहरकटिया (4) रुद्रसागर
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[2]**

**58. लघु हिमालय तथा शिवालिक के मध्य पायी जाने वाली अनुदैर्ध्य घाटी / घाटियाँ है / हैं -**
(A) कुल्लू घाटी (B) कांगड़ा घाटी
(C) देहरादून घाटी
**नीचे दिए गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर का चयन कीजिए -**
**कूट -**
(1) केवल (B) तथा (C) (2) (A), (B) तथा (C)
(3) केवल (C) (4) केवल (A) तथा (B)
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

**59. यूएनईपी विश्व पर्यावरण दिवस-2025 की थीम / विषय है -**
(1) प्लास्टिक प्रदूषण को हराइए
(2) सस्टेनेबल / टिकाऊ पृथ्वी
(3) अधिक पेड़ उगाइए
(4) मातृ पृथ्वी को बचाइए
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**


Scanned with OKEN Scanner

**60. 2020 में अंतर्राष्ट्रीय प्रवासियों की पुरुष-महिला सहभागिता थी-**

| | पुरुष | महिला |
|---|---|---|
| (1) | 60.0 : | 40.0 |
| (2) | 53.5 : | 46.5 |
| (3) | 60.8 : | 39.2 |
| (4) | 51.9 : | 48.1 |

(5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

**61. भारत के वे चार राज्य कौनसे थे जिनका वित्त वर्ष 2023 में स्थिर कीमतों पर (2011-12=100) कुल औद्योगिक सकल राज्य जोड़े गये मूल्य में लगभग 43 प्रतिशत अंश था?**
(1) उत्तर प्रदेश, प. बंगाल, कर्नाटक, राजस्थान
(2) राजस्थान, गुजरात, तमिलनाडु, पंजाब
(3) गुजरात, उत्तर प्रदेश, केरल, महाराष्ट्र
(4) गुजरात, महाराष्ट्र, कर्नाटक, तमिलनाडु
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

**62. 'संभावित सेवा उपक्षेत्रों की पहचान' पर एक वर्किंग पेपर में नीति आयोग ने सेवाओं को उनकी कार्य प्रगति के आधार पर चार श्रेणियों में वर्गीकृत किया है। निम्न में से सही क्षेत्रों का चयन कीजिए -**
(1) कार्य सम्पादन, गति बढ़ाना, प्राप्ति और अप्रयुक्त के क्षेत्र
(2) बचाव, गति बढ़ाना, परिवर्तन और अप्रयुक्त के क्षेत्र
(3) बचाव, प्राप्ति, परिवर्तन और गति बढ़ाने वाले क्षेत्र
(4) बचाव, कार्य सम्पादन, प्राप्ति और गति बढ़ाने वाले क्षेत्र
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

**63. वर्ष 2023-24 में भारत के कुल अंगूर उत्पादन में 67 प्रतिशत से अधिक का योगदान करने वाला राज्य कौनसा है?**
(1) कर्नाटक (2) महाराष्ट्र
(3) तमिलनाडु (4) हिमाचल प्रदेश
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[2]**

**64. आर्थिक समीक्षा 2024-25 के अनुसार भारत के कपड़ा निर्यात के संदर्भ में निम्न में से कौनसा/से कथन सही है/हैं?**
(i) भारत वैश्विक स्तर पर कपड़ा और परिधान का छठा सबसे बड़ा निर्यातक है।
(ii) यह देश के निर्यात में 12 प्रतिशत का योगदान देता है।
(iii) वर्ष 2023 में, कपड़ा एवं परिधान में देश की बाजार हिस्सेदारी वैश्विक स्तर पर 7 प्रतिशत रही है।
**कूट -**
(1) (i) एवं (ii) (2) (i), (ii) एवं (iii)
(3) (i) एवं (iii) (4) (ii) एवं (iii)
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**

**65. वर्ष 2025-26 के केन्द्रीय बजट में घोषित प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना देश के कम उत्पादकता वाले कितने जिलों में लागू की जाएगी?**
(1) 100 (2) 240
(3) 350 (4) 150
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**

**66. नेहरू के नेतृत्व में आयोजित 'एशियाई संबंध सम्मेलन' के बारे में निम्न कथनों पर विचार करें -**
(i) यह 1947 में आयोजित किया गया था।
(ii) यह भारत की स्वाधीनता से पहले आयोजित किया गया था।
**सही विकल्प चुनें -**
(1) (i) एवं (ii) दोनों सही हैं।
(2) केवल (i) सही है।
(3) केवल (ii) सही है।
(4) (i) एवं (ii) दोनों गलत हैं।
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**

**67. निम्नलिखित में से कौनसा कथन भारत सरकार अधिनियम, 1919 के बारे में सही नहीं है?**
(1) गवर्नर-जनरल स्वयं विदेश और राजनीतिक विभाग का प्रभार रखते थे।
(2) गवर्नर-जनरल की परिषद् के सदस्य भारत के लिए राज्य सचिव की सिफारिश पर नियुक्त किए जाते थे।
(3) वायसराय के रूप में गवर्नर जनरल ब्रिटिश भारत और भारतीय रियासतों के बीच संपर्क का माध्यम थे।
(4) गवर्नर-जनरल की परिषद् को गवर्नर-जनरल की सर्वोच्च परिषद् के नाम से भी जाना जाता था।
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

**68. राष्ट्रीय प्रतिरक्षा कोष के बारे में निम्न कथनों पर विचार करें-**
(i) इसका प्रशासन एक कार्यकारी परिषद् द्वारा किया जाता है जिसका अध्यक्ष प्रधानमंत्री होता है।
(ii) कोष की कार्यकारी परिषद् का सचिव चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ होता है।
(iii) कोष को संघीय बजट से कोई सहयोग नहीं मिलता।
**सही विकल्प का चयन करे -**
(1) केवल (i) और (iii) सही हैं।
(2) (i), (ii) और (iii) सही हैं।
(3) केवल (ii) और (iii) सही हैं।
(4) केवल (ii) सही है।
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**

**69. निम्नलिखित में से कौनसा अनुच्छेद/खंड/उपखंड छियासीवें संविधान संशोधन अधिनियम द्वारा भारत के संविधान में जोड़ा गया?**
(1) अनुच्छेद 48 क (2) अनुच्छेद 51
(3) अनुच्छेद 51क (ट) (4) अनुच्छेद 51 क
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

**70. निम्नांकित में से 18वीं लोकसभा चुनाव में मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनीतिक दल को पहचानिए -**
(1) नेशनल पीपुल्स पार्टी
(2) अखिल भारतीय फॉरवर्ड ब्लॉक
(3) इंडियन नेशनल लोक दल
(4) अखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**

**71. 2024 के आम चुनाव (लोकसभा) में भाग लेने वाले राजनीतिक दलों के संबंध में निम्नलिखित में से कौनसा कथन गलत है?**
(1) चुनाव में 6 राष्ट्रीय दलों ने भाग लिया।
(2) चुनाव में 390 मान्यता प्राप्त (अपंजीकृत) दलों ने भाग लिया।
(3) चुनाव में 47 राज्य स्तरीय दलों ने भाग लिया।
(4) चुनाव में भाग लेने वाली एक राष्ट्रीय पार्टी का चुनाव चिन्ह 'पुस्तक' था:।
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[2]**


Scanned with OKEN Scanner

**72. निम्नांकित में से कौनसा कथन 25 नवंबर 1949 को संविधान सभा में दिए गए बी.आर. अम्बेडकर के अंतिम भाषण का अंश नहीं है?**
(1) "हमें हमारे राजनीतिक लोकतंत्र को अवश्यमेव सामाजिक लोकतंत्र भी बनाना होगा।"
(2) "समता के बिना, स्वतंत्रता बहुतों पर कुछ की सर्वोच्चता उत्पन्न करेगी।"
(3) "....राजनीति में भक्ति या नायक-पूजा अवनति और अंततः तानाशाही का सुनिश्चित रास्ता है।"
(4) "इस सदन में कुछ मित्रों ने जो यह आरोप लगाया है कि कर्त्तव्यों का उल्लेख नहीं है, सही नहीं है, क्योंकि प्रत्येक अधिकार में एक कर्त्तव्य निहित है और शामिल है।"
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

**73. कौनसा दबाव समूह 'रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया' नामक राजनीतिक दल में रूपांतरित हो गया?**
(1) दलित शोषित समाज संघर्ष समिति (डी.एस.-फोर)
(2) पिछड़ा व अल्पसंख्यक समुदाय कर्मचारी महासंघ (बामसेफ)
(3) ऑल इंडिया शेड्यूल्ड कास्ट्स फेडरेशन
(4) दलित पैंथर्स
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

**74. भारत के राष्ट्रपति के संबंध में निम्नलिखित में से क्या सही है?**
(1) जब किसी राष्ट्रपति पर संविधान के अतिक्रमण के लिए महाभियोग चलाना हो, तब संसद का केवल निम्न सदन आरोप लगाएगा।
(2) व्यक्ति जो, मृत्यु, त्यागपत्र या पद से हटाए जाने के कारण रिक्त हुए राष्ट्रपति पद को भरने के लिए हुए चुनाव में विजयी हुआ है, पूरे पाँच वर्ष की अवधि के लिए पद पर बने रहने का हकदार होगा।
(3) संसद के सभी सदस्य राष्ट्रपति के निर्वाचक-मंडल के सदस्य होते हैं।
(4) अपना पद संभालने से पूर्व, राष्ट्रपति भारत के संविधान के अनुच्छेद 59 के अनुसार शपथ या प्रतिज्ञान ग्रहण करता है।
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[2]**

**75. सिंधु जल संधि, 1960 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए।**
**(i) भारत, पाकिस्तान और अंतर्राष्ट्रीय पुनर्निर्माण एवं विकास बैंक के बीच सिंधु जल संधि, 1960, 19 सितंबर 1960 को नई दिल्ली में हस्ताक्षरित की गई थी।**
**(ii) यह 12 जनवरी 1961 को कराची में अनुमोदन-पत्रों के आदान-प्रदान के साथ लागू हुई थी।**
**सही विकल्प चुनिए -**
(1) (i) और (ii) दोनों असत्य हैं। (2) (i) और (ii) दोनों सत्य हैं।
(3) केवल (ii) सत्य है। (4) केवल (i) सत्य है।
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[*]**

**76. सांस्कृतिक और शैक्षिक अधिकार से जुड़े संविधान के अनुच्छेद 29(1) में, किसी समूह को अल्पसंख्यक निर्धारित करने का कौनसा आधार उल्लिखित नहीं है?**
(1) भाषा (2) धर्म
(3) लिपि (4) संस्कृति
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[2]**

**77. किस वाद के फैसले में भारत के उच्चतम न्यायालय ने यह अभिनिर्धारित किया है कि पंथनिरपेक्षता संविधान के मूल ढाँचे का अंग है?**
(1) एस.आर. बोम्मई बनाम भारत संघ, 1994
(2) इंद्रा साहनी बनाम भारत संघ, 2000
(3) आर.सी. पौड्याल बनाम भारत संघ, 1994
(4) डी.एस. नाकारा बनाम भारत संघ, 1983
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**

**78. भारत सरकार अधिनियम 1935 के संबंध में गलत कथनों के बारे में सही कूट चुनें-**
(1) भारत सरकार अधिनियम 1935 में ब्रिटिश संसद द्वारा पारित किया गया था और 1937 में लागू हुआ।
(2) यह लॉर्ड लिनलिथगो के नेतृत्व में एक संयुक्त चयन समिति की रिपोर्ट पर आधारित था, जिसने ब्रिटिश संसद के दोनों सदनों की स्थापना की।
(3) अधिनियम को कानूनी शैली में लिखा गया था, जिसे लगभग 15 'भागों' और 30 'अनुसूचियों में व्यवस्थित किया गया था।
(4) नेशनल लिबरल फेडरेशन ने इसे 'गुलाम संविधान कहा जिसने भारत की आर्थिक गुलामी को मजबूत और स्थायी बनाने का प्रयास किया'।
**कूट -**
(1) (1) और (2) गलत हैं।
(2) (2) और (4) गलत हैं।
(3) (3) और (4) गलत हैं।
(4) सभी गलत हैं।
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

**79. 2016 में अपनी ईरान यात्रा के दौरान, भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने त्रिपक्षीय व्यापार, परिवहन व पारगमन समझौते पर हस्ताक्षर किए। भारत तथा ईरान के अतिरिक्त उपर्युक्त समझौते पर हस्ताक्षर करने वाला तीसरा देश कौनसा था?**
(1) सऊदी अरब (2) अफगानिस्तान
(3) इराक (4) संयुक्त अरब अमीरात
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[2]**

**80. ऑपरेशन सिंदूर पर दिनांक 07.05.2025 को भारत के विदेश सचिव ने अपने वक्तव्य में किस अन्तर्राष्ट्रीय संगठन के प्रेस वक्तव्य को इस कार्यवाही के संदर्भ में देखे जाने का जिक्र किया है?**
(1) जी-8 (2) सार्क (SAARC)
(3) संयुक्त राष्ट्रसंघ (4) गुटनिरपेक्ष आन्दोलन
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

**81. इस दृष्टिकोण के अनुसार, अपराधी बालक वह है जो परिवार और समाज द्वारा निर्धारित आचार संहिता और मूल्यों को आन्तरीकृत करने में असफल हो जाता है और वास्तविकता एवं नैतिकता के सिद्धांतों के त्याग की कीमत पर सुख (खुशी) ढूंढता है। यह कहलाता है -**
(1) समाजशास्त्रीय दृष्टिकोण
(2) मानसिक स्वच्छता दृष्टिकोण
(3) मनोवैज्ञानिकी दृष्टिकोण
(4) कानूनी दृष्टिकोण
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[2]**



Scanned with OKEN Scanner

**82. 'शारीरिक विकास एक व्यवस्थित पैटर्न का अनुसरण करता है, जिसमें विकास शरीर के केन्द्रीय अक्ष से लेकर चरम सीमाओं तक बाहर की ओर फैलता है।' किसी व्यक्ति में शारीरिक विकास के इस पैटर्न को कहा जाता है -**
(1) समीपस्थ-दूरस्थ नियम
(2) मस्तकाधोमुखी नियम
(3) सापेक्षिकता नियम
(4) संतुलनीकरण नियम
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**

**83. एरिक्सन के मनो-सामाजिक विकास सिद्धांत के अनुसार, जब उत्तर-बाल्यावस्था का बच्चा नवीन ज्ञान अर्जित करने तथा बौद्धिक कौशल सीखने हेतु परिश्रम करने के बावजूद बार-बार असफल होता है, तब उसमें कौनसे भाव विकसित होते हैं?**
(1) दोष
(2) संभ्रांति
(3) अलगाव
(4) हीनता
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

**84. ग्राहम वाल्स के अनुसार, संभावनाओं को तलाशना, विचार उत्पन्न करना, अस्पष्टता और लचीलेपन को आने देना, ये सृजनात्मक चिंतन प्रक्रिया के किस चरण के अंतर्गत आते हैं?**
(1) सत्यापन (2) तैयारी
(3) प्रदीपन (4) उद्भवन
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

**85. शिक्षा मनोविज्ञान एक अध्यापक को सम्पूर्ण सामाजिक वातावरण और अधिगम पर उसके प्रभाव की संक्रियाओं के बारे में जानने में सहायता करता है। शिक्षा मनोविज्ञान का यह योगदान निम्नलिखित में से किससे सम्बन्धित है?**
(1) विद्यार्थियों की समस्याओं की समझ से
(2) प्रभावी शिक्षण विधियों की समझ से
(3) समूह गतिशीलता की समझ से
(4) व्यक्तिगत विभिन्नताओं की समझ से
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

**86. जब एक शिक्षक विद्यार्थियों को उनकी उपलब्धि पर चॉकलेट देता है, तो अधिगम के क्रिया-प्रसूत अनुबंधन सिद्धांत के अनुसार उसके द्वारा किस प्रकार का पुनर्बलन दिया गया?**
(1) द्वितीयक
(2) प्राथमिक
(3) क्रमिक
(4) सामाजिक
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**

**87. कोहलबर्ग के अनुसार, नैतिक विकास की किस अवस्था में बालक अपने मार्गदर्शन के लिए कुछ नैतिक सिद्धांत विकसित कर लेता है, जो उसके समाज के दृष्टिकोण पर आधारित होते हैं और वह उन्हें सही और गलत के निर्धारण में प्रयोग करता है?**
(1) कानून और व्यवस्था उन्मुखीकरण
(2) दण्ड एवं आज्ञाकारिता उन्मुखीकरण
(3) साधन सापेक्षवादी उन्मुखीकरण
(4) सामाजिक अनुबंध उन्मुखीकरण
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

**88. गिलफोर्ड के बुद्धि के त्रिविमीय मॉडल की निम्नलिखित विमाओं और मानसिक प्रक्रियाओं का कौनसा युग्म सही है?**

| **मानसिक प्रक्रियाएँ** | **विमाएँ** |
|---|---|
| (1) सांकेतिक प्रक्रियाएँ | - संक्रिया |
| (2) अभिसारी चिंतन प्रक्रियाएँ | - उत्पाद |
| (3) मूल्यांकन प्रक्रियाएँ | - विषयवस्तु |
| (4) अर्थगत (शाब्दिक) प्रक्रियाएँ | - विषयवस्तु |

(5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

**89. पावलोव के अधिगम के शास्त्रीय अनुबंधन सिद्धांत के अनुसार, 'जब किसी उद्दीपक के लिए अनुबंधित अनुक्रिया प्राप्त कर ली जाती है, तो अन्य समान उद्दीपक भी उसी अनुक्रिया को प्राप्त कर सकते हैं'। यह कहलाता है -**
(1) उद्दीपक प्रतिस्थापन (2) उद्दीपक सामान्यीकरण
(3) स्वतःस्फूर्त पुनर्लाभ (4) उद्दीपक विभेदीकरण
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[2]**

**90. प्रतिभाशाली बालकों के लिए निम्नलिखित में से कौनसे शैक्षिक प्रावधान सर्वाधिक उपयुक्त हैं?**
(अ) कालानुक्रमिक आयु के आधार पर विद्यालय में प्रवेश
(ब) ग्रेड (कक्षा) स्किपिंग अथवा कक्षांतर प्लुति
(स) अधिक आधारभूत कोर्स को हटाना
(द) अतिरिक्त असाइन्मेन्ट देना
(य) सामग्री को जहां तक संभव हो मूर्त रूप में प्रस्तुत करना
**नीचे दिए गए कूट का उपयोग करते हुए सही उत्तर का चयन कीजिए -**
(1) केवल (स), (द) और (य)
(2) केवल (अ), (स), (द) और (य)
(3) केवल (अ), (ब), (द) और (य)
(4) केवल (ब), (स) और (द) (5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

**91. व्यक्तित्व के निम्नलिखित उपागमों का उनसे संबंधित मनोवैज्ञानिकों के साथ मिलान कीजिए -**

| **मनोवैज्ञानिक** | **व्यक्तित्व के उपागम** |
|---|---|
| (अ) एरिक्सन | (i) मानवतावादी |
| (ब) मास्लो | (ii) शरीर रचना संबंधी |
| (स) कैटेल | (iii) जीवनकाल |
| (द) शेल्डन | (iv) शीलगुण |

**सही कूट का चयन कीजिए -**
(1) (अ)-(iii), (ब)-(i), (स)-(iv), (द)-(ii)
(2) (अ)-(i), (ब)-(iii), (स)-(ii), (द)-(iv)
(3) (अ)-(iv), (ब)-(ii), (स)-(i), (द)-(iii)
(4) (अ)-(ii), (ब)-(iv), (स)-(iii), (द)-(i)
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**

**92. डैनियल गोलमैन द्वारा प्रस्तुत संवेगात्मक बुद्धि के मिश्रित निदर्श में निम्नलिखित में से कौनसा कंस्ट्रक्ट सम्मिलित नहीं है?**
(1) स्वबोध (2) सामाजिक कौशल
(3) स्वनियमन (4) सहानुभूति
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**

**93. किसी मनोवैज्ञानिक वस्तु से संबंधित धनात्मक या ऋणात्मक प्रभाव की मात्रा कहलाती है -**
(1) अभिवृत्ति (2) रुचि
(3) अभिक्षमता (4) आदत
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**



Scanned with OKEN Scanner

**94. रचनावादी अधिगम सिद्धांत के 5-ई मॉडल का निम्नलिखित में से कौनसा चरण सीखने के सबसे सक्रिय चरण का प्रतिनिधित्व करता है तथा इसमें शिक्षार्थी एक-दूसरे के साथ अपने अनुभवों को साझा करते व चर्चा करते हैं?**

(1) व्याख्या करना (2) मूल्यांकन करना
(3) विस्तार करना (4) संलग्न करना
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

**95. अभिप्रेरणा के विषय में निम्नलिखित में से कौनसे कथन सही हैं?**

(अ) अभिप्रेरणा व्यवहार के कुछ ही पक्षों को प्रभावित करती है।
(ब) अभिप्रेरणा एक बच्चे से दूसरे बच्चे में भिन्न होती है।
(स) अभिप्रेरणा की स्थिति में भावनात्मक उत्तेजना पाई जाती है।
(द) अप्रेरित विद्यार्थी आसानी से पहचानने में आ जाते हैं।

**नीचे दिए गए कूट का उपयोग करते हुए सही उत्तर का चयन कीजिए-**

(1) केवल (अ), (ब) एवं (द) (2) केवल (अ) एवं (स)
(3) केवल (ब), (स) एवं (द) (4) केवल (अ) एवं (ब)
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

**96. रेनिंगर और हिडी द्वारा वर्णित अभिरुचि विकास प्रतिमान की चार अवस्थाएं नीचे दी गई हैं।**

(अ) उभरती व्यक्तिगत अभिरुचि
(ब) स्थितिपरक अभिरुचि अनुरक्षित
(स) स्थितिपरक अभिरुचि उत्प्रेरित
(द) अच्छी विकसित व्यक्तिगत अभिरुचि

**अभिरुचि विकास के सही क्रम का चयन नीचे दिए गए कूट का उपयोग करते हुए कीजिए -**

(1) (अ) → (ब) → (स) → (द)
(2) (स) → (ब) → (अ) → (द)
(3) (स) → (ब) → (द) → (अ)
(4) (अ) → (स) → (द) → (ब)
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[2]**

**97. प्रिया अपनी सहपाठी के उच्चतम अंक आने पर उससे ईर्ष्या एवं घृणा करती है किन्तु प्रत्यक्ष में वह हमेशा अपनी सहपाठी को उच्चतम अंक आने पर बधाई देती है एवं मंगलकामना व्यक्त करती है। प्रिया द्वारा समायोजन हेतु अपनाई गई रक्षात्मक युक्ति का नाम क्या है?**

(1) प्रतिक्रिया निर्माण (प्रतिकरण)
(2) उदात्तीकरण
(3) युक्तिकरण
(4) रूपान्तरण
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**

**98. निम्नलिखित में से कौनसा कथन शिक्षा मनोविज्ञान के संबंध में सही नहीं है?**

(1) यह प्रयुक्त मनोविज्ञान की एक शाखा है।
(2) यह मूल्यों एवं आदर्शों की प्राप्ति में सहायता देता है।
(3) यह एक साध्य है, साधन नहीं।
(4) यह मानवीय पक्ष को महत्त्वपूर्ण मानते हुए शिक्षण अधिगम में सहायता करता है।
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[3]**

**99. सूची-I (लक्षणों के वितरण) को सूची-II (लक्षणों की श्रेणी) से मिलान कीजिए और सूची के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर का चयन कीजिए -**

**सूची-(I)**
**(लक्षणों के वितरण)**

(अ) सामान्य जनसंख्या में व्यापक रूप से वितरित लक्षण
(ब) वे लक्षण जो अद्वितीय हैं एवं किसी विशिष्ट व्यक्ति में विद्यमान हैं
(स) बाह्य व्यवहार द्वारा आसानी से पहचाने जाने वाले लक्षण
(द) वे लक्षण जो अंतर्निहित संरचना में हैं और व्यक्तित्व के मूल का गठन करते हैं

**सूची-(II)**
**(लक्षणों की श्रेणी)**

(i) सतही लक्षण
(ii) स्रोत लक्षण
(iii) अद्वितीय लक्षण
(iv) सामान्य लक्षण

**कूट -**

(1) (अ)-(iv), (ब)-(iii), (स)-(i), (द)-(ii)
(2) (अ)-(iii), (ब)-(ii), (स)-(iv), (द)-(i)
(3) (अ)-(i), (ब)-(iii), (स)-(ii), (द)-(iv)
(4) (अ)-(ii), (ब)-(iii), (स)-(iv), (द)-(i)
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[1]**

**100. मैक्लेलैण्ड के अनुसार, जब विद्यार्थी प्रतिस्पर्धा करना और सफलता के लिए चुनौतियाँ स्वीकार करना चाहते हैं, तो यह किस प्रकार की अभिप्रेरक आवश्यकता है?**

(1) संबद्धता की आवश्यकता
(2) शक्ति की आवश्यकता
(3) भौतिकवादी वस्तुओं की आवश्यकता
(4) उपलब्धि की आवश्यकता
(5) अनुत्तरित प्रश्न **[4]**



Scanned with OKEN Scanner